NEWS CLIPPING: 08.06.2018

PIONEER

YMCA RELEASES ADMISSION SCHEDULE

Chandigarh: YMCA University of Science and Technology, Faridabad has released its admission schedule for the session 2018. The admission information brochure with complete details of admission process was released by the Vice Chancellor Prof. Dinesh Kumar at his office. The brochure includes admission guidelines for online application form, courses details, eligibility criteria for different courses, fee structure and various proformas required during the admission process. The highlight of the new session is introduction of six new academic courses in Engineering, Science and Management stream at undergraduate level from ensuing academic session commencing in July. The brochure will be available from June 11 at University Campus and can also be downloaded from University website www.ymcaust.ac.in.

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी का दाखिला कार्यक्रम जारी

फरीदाबाद| वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने नए सत्र का दाखिला कार्यक्रम जारी कर दिया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गुरुवार को दाखिला विवरणिका का विमोचन किया। इसमें दाखिले से संबंधित सारी जानकारी है। जुलाई से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से इस बार अंडर ग्रेजुएट 6 नए पाठ्यक्रम शुरू हो रहे हैं। इनमें सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक, एनिमेशन तथा मल्टी मीडिया में बीएससी, मैथ एवं केमिस्ट्री में बीएससी ऑनर्स तथा बीबीए शामिल हैं। इसके अलावा नए सत्र से एमसीए तथा बीटेक (कम्प्यूटर इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रमों की सीटें भी बढ़ाई गई हैं। उन्होंने कहा दाखिला विवरणिका 11 जून से यूनिवर्सिटी में होगा। दाखिला कार्यक्रम के अनुसार एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों, फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ तथा एनवायरमेंट साइंस में एमएससी, एमबीए, एमसीए, एमसीए (लेटरल एंट्री), फिजिक्स, केमिस्ट्री व मैथ में बीएससी ऑनर्स, एनिमेशन व मल्टीमीडिया में बीएससी तथा एमए (जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन) पाठ्यक्रमों में 11 जून से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बीटेक, एमटेक तथा एमए के पाठ्यक्रमों को छोड़कर शेष सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 जुलाई है। एमटेक तथा एमए के पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई तक किए जा सकते है।

NEWS CLIPPING: 08.06.2018

HINDUSTAN

वीसी ने प्रोस्पेक्टस का विमोचन किया

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए छात्र 11 जून से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिले का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने गुरुवार को दाखिला प्रक्रिया के प्रोस्पेक्टस का विमोचन किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके शर्मा और डीन (अकादमिक) डॉ. विक्रम सिंह भी मौजूद रहे। कुलपति ने बताया कि प्रोस्पेक्टस में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों, पाठ्यक्रमों, पात्रता, फीस का ब्यौरा जैसी सभी जानकारी मौजूद है।

कार्यक्रम

- विभिन्न कोर्सों के लिए 11 जून से शुरू होंगे आवेदन
- वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने दाखिले का कार्यक्रम किया जारी

इच्छुक छात्र 11 जून से परिसर से प्रोस्पेक्टस प्राप्त कर सकते हैं। एमटेक के सभी पाठ्यक्रमों, फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथ तथा एनवायरमेंट साइंस में एमएससी, एमबीए, एमसीए, एमसीए (लेटरल एंट्री), फिजिक्स, कैमिस्ट्री व मैथ में बीएससी ऑनर्स, एनिमेशन तथा मल्टीमीडिया में बीएससी तथा एमए इन जर्नलिज्म व मॉस कम्युनिकेशन पाठ्यक्रमों के लिए 11 जून से ऑनलाइन आवेदन होंगे। बीटेक, एमटेक तथा एमए के पाठ्यक्रमों को छोड़कर शेष सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीन जुलाई है। एमटेक तथा एमए पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जुलाई तक होंगे। बीटेक व बीटेक (लेटरल एंट्री) के सभी पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला प्रक्रिया जेईई परीक्षा तथा योग्यता परीक्षा में उत्तीर्ण अंकों के आधार पर पूरी होगी।

NEWS CLIPPING: 08.06.2018

NAVBHARAT TIMES

वाईएमसीए में 11 जून से शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने नए सत्र के लिए दाखिले का कार्यक्रम जारी कर दिया है। कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने दाखिला प्रक्रिया के शेड्यूल का विमोचन किया। मौके पर कुलसचिव डॉ एसके शर्मा, डीन डॉ विक्रम सिंह मौजूद थे। प्रफेसर दिनेश कुमार के अनुसार नए शैक्षिक सत्र का मुख्य आकर्षण अंडर ग्रेजुएट स्तर पर शुरू किए गए 6 नए पाठ्यक्रम हैं। इनमें सिविल इंजीनियरिंग में बी. टेक, एनिमेशन व मल्टीमीडिया में बीएससी, मैथ व कैमिस्ट्री में बीएससी ऑनर्स और बीबीए शामिल हैं। इसके अलावा नए सत्र से एमसीए और बी.टेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग की सीटें भी बढ़ाई गई हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादा जानकारी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट से भी ली जा सकती है। सभी कोर्स के लिए 11 जून, 2018 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये है। बीटेक, एमटेक और एम.ए. को छोड़कर और सभी कोर्स के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम डेट 3 जुलाई है।